
अमर उजाला 17/01/2023

# कॉलेज में दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी प्रांगण में सड़क सुरक्षा क्लब सौजन्य एनएसएस यूनिट की ओर से प्राचार्य डॉ. वीके जैन के निर्देशन में सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने बताया कि वाहन चलाते समय सावधानी और सजगता अनिवार्य है। सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल अधिकारी डॉ.चंद्रपाल पूनिया ने बताया कि यह कार्यक्रम सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर आयोजित रोड सुरक्षा सप्ताह 11 से 17 जनवरी के अंतर्गत किया। इसका विषय सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा रहा। इसके बारे में डॉ. अनीश ने बताया कि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी।



जीएमएन कॉलेज में छात्रों को शपथ दिलाते। संवाद

विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के पालन के हेतु शपथ दिलाई।

उन्होंने बताया कि हमें यातायात के सभी नियमों का पालन करना चाहिए। बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए और बाइक पर दो से अधिक व्यक्ति नहीं होने चाहिए। डॉ. सरोज ने बताया कि कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा ट्रैफिक के नियमों का पालन करने की शपथ ली गई। डॉ. धर्मवीर सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए।